# समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन (नमामि गंगे) के तहत जनपद जालौन में दिनांक 02.11.2024 को निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :–

1. श्री अंचल कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
2. श्री शिव पूजन सिंह, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
3. श्री संजय कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
4. श्री गगन दीक्षित, सहायक अभियन्ता, वि0 / यॉ0,एस0डब्ल्यू0एस0एम0, जालौन।
5. श्री कृष्णा राजपूत, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0, जालौन।
6. श्री के0वी0 सत्यनारायण, सूपरविजन ई0, पी0एम0सी0, जालौन।
7. श्री श्याम नारायण दूबे, सोशल एक्सपर्ट, पी0एम0सी0, आरवी, जालौन।
8. श्री कृष्णा सिंह, सपोर्ट इंजीनियर,पी0एम0सी0, आरवी, जालौन।
9. श्री धनन्जय सिंह, सपोर्ट इंजीनियर(वि0 / यॉ0),पी0एम0सी0, आरवी, जालौन।
10. श्री आर0के0 सैनी, जी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0, जालौन।
11. श्री रामबाबू सरस, पी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0, जालौन।
12. श्री के0वी0 नागेश, डी0जी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0, जालौन।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के द्वारा सला ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति निम्नवत है।

## 1– सला ग्राम समूह सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

सला डब्ल्यू0टी0पी0 के अन्तर्गत साईट डेवलपमेन्ट (प्लान्टेशन) का कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। 30 मीटर बाउन्ड्रीवाल का कार्य शेष है। **56** नग ओवर हैड टैंक **(OHT)** के सापेक्ष **53 OHT** का सिविल कार्य किया गया है, सीढ़ियों में रैलिंग का कार्य व स्लूस वाल्व चैम्बर का कार्य पूर्ण नहीं। शेष **03 OHT** में से **02** टॉप डोम एवं **01** बॉटम डॉम स्तर पर है। एजेन्सी के डीजीएम श्री के0वी0 नागेश द्वारा सभी अवर जलाशय के कार्य 30 नवम्बर, 2024 तक पूर्ण किये जाने की कार्य योजना उपलब्ध कराई गई थी किन्तु अभी तक कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। सभी कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु **421** मजदूरों के सापेक्ष केवल 220 मजदूर कार्यरत है। **(मजदूर बढ़ाकर कार्य पूर्ण करने हेतु तथा प्रतिदिन कार्य करते हुए मजदूरों की फोटो भेजने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी एजेंसी के नोडल को निर्देशित किया गया।)**

**लक्ष्य के सापेक्ष मैनपावर बढ़ाने, सभी गैप क्लोजिंग का कार्य 20 दिसम्बर तक पूर्ण करनें, अवशेष कार्यों का साप्ताहिक कार्य प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करनें तथा समस्त अवशेष कार्यो को 31 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण किये जाने हेतु कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के डी0जी0एम0 श्री नागेश को निर्देशित किया गया।**

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा कराये जा रहे सतही स्रोत आधारित रायपुरा, मढ़ेपुरा, कोटा मुस्तकिल एवं 256 भूजल आधारित पेयजल योजनाओं की प्रगति निम्नवत बतायी गयी–**

Scanned with OKEN Scanner

**1–रायपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–**

इन्टेकवेल मे **JJM Logo** का कार्य शेष है। डब्ल्यू0टी0पी0 में पी0ए0सी0 डोजिंग, अन्य विद्युत/यॉत्रिक का कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। योजना के तहत् 07 सी0डब्ल्यू0आर0 बनाये जाने थे, जिनमें विद्युत सम्बन्धी कार्यों हेतु 06 टीम के सापेक्ष केवल 01 टीम कार्यरत है। **17 OHT** के सापेक्ष केवल 11 ओएचटी में ही **Down Pipe** लगाये जाने का कार्य किया गया है। 06 **OHT** का कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। सभी कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु 360 मजदूरों के सापेक्ष केवल 180 मजदूर कार्यरत है। **(मजदूर बढ़ाकर कार्य पूर्ण करने हेतु तथा प्रतिदिन कार्य करते हुए मजदूरों की फोटो भेजने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी एजेंसी के नोडल को निर्देशित किया गया।)**

**2–कोटा मु0 सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–**

डब्ल्यू0टी0पी0 में पैनल अधिष्ठापन, क्लोरिनेशन सिस्टम, पी0ए0सी0 डोजिंग एवं अन्य विद्युत/यॉत्रिक कार्य अत्यन्त धीमी गति से किये जा रहे है। योजना के तहत् 05 सी0डब्ल्यू0आर0 बनाये जाने थे, जिनमें पैनल अधिष्ठापन, केबल ट्रे लगाये जाने, मीटर रूम में ट्रेन्च बनाये जाने, केबल विछाये जाने का कार्य किसी भी **CWR** पर पूर्ण नही किया गया है। विद्युत सम्बन्धी कार्य हेतु 07 टीम के सापेक्ष केवल 01 टीम कार्यरत है। **17 OHT** के सापेक्ष 06 ओएचटी में ही **Down Pipe** लगाये जाने का कार्य किया गया है। **11 OHT** का कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। सभी कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु 280 मजदूरों के सापेक्ष केवल 120 मजदूर कार्यरत है। **(मजदूर बढ़ाकर कार्य पूर्ण करने हेतु तथा प्रतिदिन कार्य करते हुए मजदूरों की फोटो भेजने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी एजेंसी के नोडल को निर्देशित किया गया।)**

**3– मढ़ेपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–**

डब्ल्यू0टी0पी0 में क्लोरिनेशन सिस्टम एवं विद्युत कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। योजना के तहत् 06 सी0डब्ल्यू0आर0 बनाये जाने थे, जिनमें सिविल कार्य पूर्ण है लेकिन पैनल अधिष्ठापन, केबल ट्रे लगाये जाने एवं केबल विछाये जाने का कार्य केवल 01 **CWR** मे किया गया है। विद्युत सम्बन्धित कार्यों हेतु 07 टीम के सापेक्ष मात्र 01 टीम कार्यरत है। **12 OHT** में केवल 05 का सिविल कार्य किया गया है। शेष 07 पर कार्य की गति अत्यन्त धीमी है। सभी कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु 240 मजदूरों के सापेक्ष केवल 160 मजदूर कार्यरत है। **(मजदूर बढ़ाकर कार्य पूर्ण करने हेतु तथा प्रतिदिन कार्य करते हुए मजदूरों की फोटो भेजने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी एजेंसी के नोडल को निर्देशित किया गया।)**

**4– 256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना–**

256 नग नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत एक योजना (बिल्हौढ़ विकास खण्ड रामपुरा) बोरिंग का कार्य नही किया गया है। **255 OHT** के सापेक्ष 04 ओ0एच0टी0 (रायर द्विवारा, टण्डुवा, बिलोड़ एवं खर्रा) में **Raft Foundation** हेतु पी0सी0सी0 का कार्य नही किया गया है। सभी कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु 520 मजदूरों के सापेक्ष केवल 330 मजदूर कार्यरत है। **(मजदूर बढ़ाकर कार्य पूर्ण करने हेतु तथा प्रतिदिन कार्य करते हुए मजदूरों की फोटो भेजने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी एजेंसी के नोडल को निर्देशित किया गया।)**

Scanned with OKEN Scanner

लक्ष्य के सापेक्ष मैनपावर बढ़ाने, सभी गैप क्लोजिंग का कार्य, रोड रेस्टोरेशन का कार्य 20 दिसम्बर तक पूर्ण करनें, अवशेष कार्यों का साप्ताहिक कार्य प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करनें तथा समस्त अवशेष कार्यो को 31 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण किये जाने हेतु कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 के जी0एम0 श्री आर0के0 सैनी एवं पी0एम0 श्री रामबाबू सरस को निर्देशित किया गया।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 व बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष मैन पावर एवं मशीनरी बढ़ा कर कार्य में तेजी ला कर 31 दिसम्बर 2024 तक समस्त कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा अनुबन्ध की शर्तों के अधीन कार्यवाही हेतु शासन को रिपोर्ट प्रेषित कर दी जायेगी। दोनों कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी को पत्र जारी करानें एवं समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त तैयार करने हेतु पी0एम0सी0 को निर्देशित किया गया।

सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु जल निगम एवं टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अद्यतन प्रगति की समीक्षा हेतु दिनांक 06/12/2024 को पुनः अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जायेगी। समस्त सुसंगत सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में उपस्थित होने हेतु समस्त सम्बंधित को निर्देशित किया। तत्पश्चात बैठक समाप्त की गयी।

(प्रेमचन्द मौर्य)
अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे)
जनपद–जालौन

# कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन।

पत्रांकः 700/जल जीवन मिशन/समीक्षा बैठक आख्या/2024–25 दिनांकः 02 दिसम्बर 2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. आयुक्त महोदय, झॉसी मण्डल झॉसी।
2. जिलाधिकारी महोदय, जालौन।
3. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण), जालौन।
5. अधिशासी अभियन्ता, (वि/या), झॉसी।
6. टीम लीडर पी0एम0सी आरवी एसोसिएट्स जालौन/लखनऊ।
7. टीम लीडर टी0पी0आई0 बी0एल0जी0 जालौन।
8. मैनेजिंग डायरेक्टर, बृजगोपाल कन्स्ट्रक्शन कम्पनी प्र0लि0, **A-7/2** शिवाजी अपार्टमेन्ट सेक्टर–14, रोहनी, नई दिल्ली–110085 एवं जी0एम0 बृजगोपाल कन्स्ट्रक्शन कम्पनी प्रा0लि0, जालौन।
9. मैनेजिंग डायरेक्टर, जी0वी0पी0आर0 इन्जिनियर्स लि0, 8–2–293/82/**A**, प्लाट न0 739–**A**, रोड न0 37, जुबली हिल्स, हैदराबाद–500033, तेलांगना, इण्डिया एवं डी0जी0एम0 जी0वी0पी0आर0 इन्जिनियर्स लि0, जालौन।

02/12/24
अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे)
जनपद–जालौन

Scanned with OKEN Scanner